# पथ निर्माण विभाग शीघ्र लाएगा नई संवेदक नीति

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को कहा कि विभाग के क्रियाकलापों की समीक्षा के क्रम में उन्हें यह जानकारी दी गयी कि विगत एक वर्ष के उनके कार्यकाल के दौरान 11,500 करोड़ की लागत से 100 से अधिक परियोजनाएं पूरी हुई हैं। लगभग 1540 किमी लंबाई में सड़क निर्माण का कार्य पूरा किया गया है। विभाग द्वारा शीघ्र नयी संवेदक नीति को लाया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पुलों के रख रखाव को लेकर कोई नीति नहीं थी। उन्होंने



उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा

पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव को यह निर्देश दिया था कि पुलों के रख रखाव को लेकर नीति तैयार की जाए, ताकि पुलों की मानीटरिंग हो सके। यह नीति इसी वर्ष अस्तित्व में आ जाएगी। बारिश के पहले बिहार मे पुलों की मेंटेनेंस पालिसी काम करने लगेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पथ निर्माण विभाग की सभी सिंगल लेन वाले राज्य उच्च पथों को दो लेन में चौड़ीकरण किए जाने का प्रस्ताव विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस पर शीघ्र कार्रवाई भी होगी। वहीं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बिहार यात्रा के दौरान हाल ही में 16 हजार करोड़ की नई योजनाओं को स्वीकृति दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बिहार के पथ निर्माण विभाग को 26 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय उच्च पथों की लंबाई में वृद्धि किया जाना आवश्यक है।